## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से युवकों की मौत

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। ग्राम डोम्हार के पास सड़क पर पहले से पलटी पड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली मौत का जाल बन गई, जिसकी चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते पूरा गांव मातम में डूब गया। जानकारी के अनुसार खेत से धान लादकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली टर्निंग पर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई थी। हादसे के कुछ समय बाद ही सीधी से महुआटोला की ओर जा रहे दो युवक बाइक से उसी रास्ते से गुजरे और अंधेरे में सड़क पर पड़ी ट्रॉली को नहीं देख सके। ट्रॉली से टकराने के साथ ही दोनों युवक दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची सीधी थाना पुलिस ने मृतकों की पहचान विश्वनाथ सिंह गोंड और रामराज सिंह गोंड, दोनों निवासी महुआटोला के रूप में की। दोनों ही युवक अपने घर लौट रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी शिवेन्द्र राम भगत ने बताया कि यह अत्यंत दुखद दुर्घटना है। ट्रैक्टर-ट्रॉली पहले से सड़क पर पलटी हुई थी, जिसकी चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जयसिंहनगर अस्पताल भेज दिया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे दिया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर पड़े ऐसे खतरनाक वाहन अविलंब हटाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं न हों। फिलहाल, पूरे क्षेत्र में इस हादसे को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है।

### धान से लदा ट्रक बोलेरो के ऊपर जा पलटा



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात बोलेरो चालक मौत के मुंह से बाल-बाल बच गया। धान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर बोलेरो के ऊपर जा पलटा, लेकिन किस्मत ने ऐसा पलटा खाया कि बोलेरो चालक ठीक 40 सेकेंड पहले ही वाहन से उतर चुका था। यह हादसा बंधा बाजार के पास स्थित टर्निंग पर हुआ। जानकारी के मुताबिक ट्रक में धान की बोरियां लदी थीं और वह रीवा से शहडोल की ओर जा रहा था। बताया गया कि मोड़ पर ट्रक अचानक असंतुलित हो गया और पलट गया। संयोग से सड़क किनारे बोलेरो वाहन खड़ा था, जिसके ऊपर पूरा ट्रक जा गिरा। धान की बोरियों के वजन से बोलेरो का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह दब गया। बोलेरो चालक ने बताया कि वह शौच के लिए वाहन किनारे लगाकर उतरा ही था कि पीछे से जोरदार धमाका हुआ। उसने पलटकर देखा तो उसकी बोलेरो ट्रक के नीचे दब चुकी थी। चालक का कहना है कि अगर मैं 40 सेकंड भी देर करता, तो आज जिंदा नहीं होता। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद जयसिंहनगर थाना पुलिस पहुंची और घायल ट्रक चालक को अस्पताल भेजा। ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा अनियंत्रित गति और मोड़ पर लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह हादसा एक बार फिर इस बात की याद दिलाता है कि तेज रफ्तार और लापरवाही कब किसकी जिंदगी पलट दे, कहा नहीं जा सकता।

### ट्रेक्टर धोते समय मिर्गी का दौरा पड़ा, मौत

**शहडोल।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के झिरिया गांव में शनिवार सुबह एक हृदय विदारक हादसा हुआ, जिसमें रामप्रकाश वैश्य उम्र 28 वर्ष की ट्रेक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय घटी जब रामप्रकाश अपने बड़े भाई बृजेंद्र वैश्य के साथ बरहा नाला (ग्रेवलंपास) पर ट्रेक्टर धोने जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, रामप्रकाश खुद ट्रेक्टर चला रहा था कि अचानक मिर्गी का दौरा पड़ गया, जिससे नियंत्रण खो गया और वह ट्रेक्टर से गिरकर नीचे आ गया। उसी समय ट्रेक्टर उसके ऊपर पलट गया। हादसे की सूचना पर देवलौंद थाना प्रभारी सुभाष दुबे तुरंत मौके पर पहुंचे और मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक मिर्गी रोग से ग्रसित था और दौरे के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा घटित हुआ। घटना ने गांव में मातम फैला दिया है और परिजन शोक में डूब गए हैं।

## केशवाही चौकी प्रभारी निलंबित, ढीली कार्यशैली ने दिया अपराध को बढ़ावा

# पुलिस अधिकारियों की सुस्ती और लापरवाही ने ली दो जिंदगियाँ

















**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के केशवाही चौकी अंतर्गत बलबहरा में हुई जघन्य डबल मर्डर वारदात ने पूरे जिले को हिलाकर रख दिया। ऑटो पार्ट्स की दुकान में घुसकर दो सगे भाइयों राकेश और राहुल तिवारी पर तलवारों से ताबड़तोड़ हमला किया गया, जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात में शामिल प्रमुख नामों में अनुराग शर्मा, सचिन निवासी अमलाई और गोलू का उल्लेख हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिस को पहले से झगड़े की जानकारी थी, लेकिन सिस्टम की लापरवाही और सुस्त कार्रवाई ने दो निर्दोष जिंदगियों को लील लिया। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते चौकी प्रभारी और थानेदार ने सही कदम उठाया होता, तो यह संगीन वारदात रोकी जा सकती थी।

### केशवाही चौकी प्रभारी सस्पेंड

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शहडोल पुलिस जोन की डीआईजी सुश्री सविता सुहाने ने मोर्चा संभाला। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झरिया ने पूरी लापरवाही बरती, विवाद को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए, न ही स्थानीय सूचना तंत्र को सक्रिय किया। डीआईजी ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई भी अधिकारी यह नहीं समझे कि सिर्फ औपचारिक रिपोर्टिंग से जिम्मेदारी पूरी हो जाती है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने चौकी प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया था, लेकिन असल कार्रवाई तब हुई जब मामला डीआईजी स्तर तक पहुंचा। स्थानीय लोगों का सवाल है कि अगर एसपी पहले ही सख्त कार्रवाई करते तो डीआईजी को दखल नहीं देना पड़ता। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या एसपी ने अपने अधीनस्थों पर नियंत्रण खो दिया है?

### केवल दिखावा या लीपापोती?

इस मामले के बाद बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल का तबादला कर दिया गया और नए प्रभारी के रूप में विनय सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस विभाग के भीतर चर्चा है कि यह कदम केवल एडजस्टमेंट और दिखावे की कार्रवाई है, न कि अपराध और लापरवाही के प्रति सख्त संदेश। स्थानीय नेताओं का कहना है कि यह तबादला राजनीतिक दबाव के तहत किया गया है, जबकि वास्तविक जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने की बजाय सिर्फ पद स्थानांतरण कर मामला ठंडा किया गया।

### राजनीतिक दबाव और देर से न्याय

करीब एक माह पहले तीन भाजपा विधायकों ने जिले में बढ़ते अपराध और पुलिस की लापरवाही को लेकर बड़ा आंदोलन किया था। उस समय व्यापक प्रशासनिक सर्जरी की मांग की गई थी, लेकिन फाइलों में दबाकर मामला टाला गया। अब जब डबल मर्डर जैसी संगीन घटना सामने आई, तभी अधिकारियों पर कार्रवाई हुई। राजनीतिक विश्लेषक इसे देर से हुआ न्याय बता रहे हैं, जो सिस्टम और प्रशासन पर गंभीर सवाल छोड़ गया।

### गांजे की तस्करी से जुड़ा एंगल

शुरुआत में यह मामला जमीन विवाद तक सीमित बताया गया, लेकिन पुलिस सूत्रों और मृतक के परिवार के खुलासे ने मामला और गंभीर बना दिया। मृतक के एक परिजन ने कहा कि यह विवाद गांजे की तस्करी से जुड़ा था, दोनों पक्ष इस अवैध धंधे में सक्रिय थे और प्रतिस्पर्धा हत्या का कारण बनी। पुलिस ने भी इस एंगल की पुष्टि की है। सवाल यह है कि इतने संवेदनशील अपराध तंत्र की जानकारी होने के बावजूद पुलिस ने क्यों समय रहते कदम नहीं उठाए?

### सिस्टम पर सवाल

घटना के बाद चर्चा है कि प्रभारी मंत्री के दखल के तहत बुढ़ार थाना प्रभारी का केवल तबादला हुआ, न कि निलंबन या लाइन अटैच। यह कार्रवाई मामले को ठंडा करने और दिखावे की प्रतीत होती है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की लापरवाही ने साफ कर दिया कि अपराध रोकने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सिस्टम में गंभीर दोष हैं। स्थानीय नागरिक और राजनीतिक दलों का कहना है कि इस मामले में केवल मोर्चा संभालने वाले डीआईजी की सक्रियता ने हालात को नियंत्रण में लाया। अन्य वरिष्ठ अधिकारी न केवल जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे, बल्कि सिस्टम के भीतर मौजूद लापरवाही और ढीली कार्यशैली ने हत्या जैसी जघन्य घटना को संभव बनाया।

### सिस्टम की विफलता का प्रतीक

बुढ़ार के बलबहरा में हुई यह वारदात सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि सीनियर पुलिस अधिकारियों की सुस्ती, लापरवाही और सिस्टम की विफलता का प्रतीक है। अब पूरे जिले में यह सवाल उठ रहा है कि क्या वरिष्ठ अधिकारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सक्षम हैं या केवल पद का संरक्षण कर अपने औपचारिक दायित्व पूरे कर रहे हैं। जब भी सिस्टम अपराध की चेतावनी को नजरअंदाज करता है, परिणाम हमेशा जिंदगियों की कुर्बानी और जनता का गुस्सा बनकर सामने आता है। बुढ़ार डबल मर्डर ने यही स्पष्ट कर दिया कि प्रशासनिक सजगता और सक्रिय निगरानी ही अपराध रोकने का अंतिम हथियार है।

## ब्यौहारी में शातिर चोरों का कारनामा!



### घर के आंगन से उड़ा ले गए नई पिकअप

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के आखेटपुर गांव में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात ने पुलिस और ग्रामीणों दोनों को हैरान कर दिया है। चोरों ने घर के भीतर खड़ी नई पिकअप को निशाना बनाते हुए पूरी रात ऑपरेशन को अंजाम दे डाला और परिवार को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लोग उठे, तो घर के आंगन में खड़ी पिकअप गायब थी।

शिकायतकर्ता मो. बकरीद मुसलमान ने बताया कि पिकअप क्रमांक एमपी 18 एचएफ 6747 उनके पुत्र सद्दाम के नाम पर है। वाहन जनवरी 2025 में फाइनेंस कराया गया था और उसकी मासिक किस्तें अभी चल रही थीं। मो. बकरीद ने बताया कि शुक्रवार रात उन्होंने पिकअप घर के आंगन में खड़ी की थी और पूरा परिवार घर के अंदर सो गया। सुबह उठे तो देखा कि जहां वाहन खड़ा था, वहां सिर्फ टायरों के निशान बचे थे।

घबराए परिजनों ने तुरंत आस-पास तलाश की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चला। उन्होंने नजदीकी सीसीटीवी कैमरों से जानकारी जुटाने की कोशिश की, मगर अफसोस अधिकांश कैमरे बंद या खराब मिले। अंततः पीड़ित ने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

ब्यौहारी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार चोरी गई पिकअप की कीमत लगभग 8 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस की टीम वाहन की लोकेशन ट्रेस करने और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन पुलिस की गश्त नाममात्र की रह गई है। लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि जब घर के अंदर खड़ी गाड़ी सुरक्षित नहीं, तो गांव में सुरक्षा का क्या मतलब?

## बैंकिंग सुविधा के नाम पर लूट

# गांवों की जगह शहरों में खुले कियोस्क

**शहडोल।**

सरकार की मंशा थी कि ग्रामीण अंचलों में हर व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा पहुंचे, ताकि किसान, मजदूर और गरीब तबका भी डिजिटल वित्तीय व्यवस्था से जुड़ सके, लेकिन जिले के गोहपारू और चूहरी क्षेत्र में इस योजना को अफसरों और बैंक प्रबंधन ने मज़ाक बना दिया है। बैंकिंग सेवा गांव-गांव पहुँचाने की योजना अब कियोस्क सेवा बैंक-बैंक तक सिमटकर रह गई है। जिन गांवों में यह कियोस्क सेंटर खुलने थे, वहां आज भी लोग खाता खोलने या पैसा निकालने के लिए 10-15 किलोमीटर दूर बैंक शाखाओं के चक्कर लगा रहे हैं। दूसरी ओर, कई कियोस्क सेंटर उन्हीं बैंकों के दरवाज़े पर खुल गए हैं, जिनके लिए यह योजना मूल रूप से शुरू ही नहीं की गई थी।

### शाखा के पास कियोस्क की बहार

गोहपारू ब्लॉक के दर्जनों गांवों के नाम पर कियोस्क की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन हकीकत यह है कि ये सेंटर ग्रामीण इलाकों से कई किलोमीटर दूर, सीधे शहर या बैंक शाखा के बगल में ही संचालित किए जा रहे हैं। योजना की शर्तें साफ कहती हैं कि कियोस्क संचालक को उस ग्राम पंचायत या राजस्व गांव में ही केंद्र चलाना होगा, जहां स्वीकृति दी गई है, ताकि ग्रामीणों को बैंक आने की जरूरत न पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है, गांवों में तो कोई कियोस्क दिखा ही नहीं, लेकिन बैंक के पास एक नहीं, दो-दो कियोस्क खुल गए हैं।

### बैंक प्रबंधन पर मिलीभगत के आरोप

इस खेल में गोहपारू के दो प्रमुख बैंक और चूहरी शाखा का प्रबंधन भी शामिल है। बैंक अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी कर ऐसे संचालकों को लाइसेंस दे दिए, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने की बजाय आरामदायक लोकेशन चुन ली। कई कियोस्क तो मुख्य शाखा की दीवार से सटकर चल रहे हैं, जबकि नियमों के मुताबिक एक ही बैंक शाखा के नजदीक दूसरा कियोस्क स्थापित नहीं किया जा सकता। बैंकिंग सूत्र बताते हैं कि कुछ संचालकों के पास सिफारिशी चि_ियां भी हैं, जिनके आधार पर शाखा प्रबंधन ने बिना जांच किए अनुमति दे दी। अब सवाल उठ रहा है कि क्या बैंक अधिकारियों की आंखों के सामने यह सब बिना उनके संरक्षण के संभव था?




### गांव के नाम पर शहर में मुनाफा क्यों?

योजना की भावना थी कि ग्रामीणों को घर-गांव में ही नकद निकासी, जमा, और सरकारी योजनाओं की राशि का लाभ मिले, लेकिन नतीजा यह हुआ कि बैंकिंग सुविधा पहुंची नहीं, बल्कि लौट आई शहरों में। गांव के लोगों का कहना है कि उन्हें अब भी 15-20 किलोमीटर दूर जाकर बैंक पहुंचना पड़ता है। वहीं जिन कियोस्क के नाम पर स्वीकृति मिली, वहां आज तक ताला भी नहीं खुला। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने अब इस मामले में आवाज उठाई है। सोशल मीडिया पर लोग खुलकर लिख रहे हैं कि कियोस्क संेटरों के नाम पर सिर्फ कागजी सुविधा दिखाई जा रही है।

### जांच की तैयारी कार्रवाई पर संशय

सूत्रों के मुताबिक, मामला उजागर होने के बाद उच्चाधिकारी सतर्क हो गए हैं और प्राथमिक जांच की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही जा रही है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या यह जांच सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह जाएगी? क्योंकि जिन लोगों को जांच करनी है, वही इस पूरे खेल के सूत्रधार बताए जा रहे हैं। गोहपारू और चुहरी में चल रहा यह कियोस्क प्रकरण अब आम चर्चा का विषय बन गया है। लोग कह रहे हैं कि यह कियोस्क योजना नहीं, कमीशन योजना है। गांव वालों के नाम पर मुनाफा शहर में बांटा जा रहा है। सरकारी दावे और जमीनी सच्चाई के बीच इतना अंतर देखकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

## राज्य स्तरीय 14 वर्ष बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता का समापन आज

# फाइनल में भिड़ेंगी शहडोल और भोपाल संभाग की टीमें

### तीसरे स्थान के लिए जबलपुर व ग्वालियर के बीच कांटे की टक्कर
### गांधी स्टेडियम में होगा रोमांचक मुकाबला

**शहडोल।**

खेल भावना, जोश और कौशल का शानदार संगम शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में देखने को मिल रहा है, जहां जारी 69वीं राज्य स्तरीय शालेय 14 वर्ष बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। तीन दिन से जारी इस राज्य स्तरीय खेल महोत्सव का भव्य समापन शनिवार 26 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह उपस्थित रहेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्यामदास जायसवाल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह मंच साझा करेंगी।



इस रोमांचक प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों की बालिका टीमों ने हिस्सा लिया, जिनके बीच शानदार मुकाबले देखने को मिले। फाइनल में शहडोल संभाग की टीम अपने घरेलू मैदान पर भोपाल संभाग से भिड़ेगी, जबकि तीसरे स्थान के लिए जबलपुर और ग्वालियर संभाग की टीमें आमने-सामने होंगी। दर्शकों में स्थानीय टीम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस राज्य स्तरीय आयोजन का संचालन कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता की सफलता में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, खेल अधिकारी सुदर्शन मिश्रा, प्रभारी सहायक संचालक रईस अहमद, डीएसओ रामरूद्ध पटेल, एपीसी अरविंद्र पांडे, क्रीड़ा प्रभारी पुष्पराज सिंह, राष्ट्रीय कोच के.के. श्रीवास्तव, राकेश त्रिपाठी, वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं लक्ष्मण सोनी सहित कई खेलप्रेमियों का अहम योगदान रहा।

जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 अक्टूबर को किया गया था, जिसमें सभी संभागों की टीमों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और टीम स्पिरिट ने पूरे आयोजन को खास बना दिया है। फाइनल मुकाबले के साथ ही विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

# हत्या के प्रयास का आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार

**शहडोल।**

जिले के धनपुरी थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में आरोपी मोहम्मद इरफान उर्फ छोटा को चाकू सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार, 09 अक्टूबर को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2020 में मोहल्ले के इरफान से उसका विवाद हुआ था, जो न्यायालय में लंबित है। घटना के दिन आरोपी ने फरियादी पर केस वापस लेने के लिए दबाव डालते हुए गाली-गलौज और चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था, लेकिन धनपुरी पुलिस की सतत मेहनत और मुखबिर की सूचना के आधार पर 25 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी खेमसिंह पेन्द्रो, उप निरीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, रामनाथ, अजय सिंह, गुलाब सिंह और राजेश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तेज रफ्तार सफारी ने ली युवक की जान

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के पसगड़ी चौक में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार सफारी वाहन ने बाइक सवार युवक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सफारी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जबकि गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर ब्यौहारी-सीधी मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं, आए दिन इसी तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं और प्रशासन सिर्फ हादसे के बाद सक्रिय होता है। मृतक की पहचान विष्णु पाल वैश्य निवासी बगदरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार सफारी ने उसे जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक कई फीट दूर जा गिरी और विष्णु की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस दल-बल सहित मौके पर पहुंची और समझाइश देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में शामिल सफारी वाहन को घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद कर लिया गया है, चालक फरार है जिसकी तलाश जारी है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी चालक की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं की गई, तो वे पुनः सड़क पर उतरेंगे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन गांव में माहौल अब भी तनावपूर्ण है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार 16 अक्टूबर 2025 को एक महिला ने अज्ञात जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले की जांच में पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि महिला को आत्महत्या के लिए आरोपी नरेंद्र सिंह गोंड पिता स्व. बाबू सिंह गोंड उम्र 23 वर्ष निवासी अटरिया, थाना गोहपारू द्वारा उकसाया गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर 25 अक्टूबर को उसके घर से गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, भागचन्द्र, दीपक साहू और गुरु दयाल की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 31 अक्टूबर को म.प्र. जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक

**उमरिया।** जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम 2016 में प्रदत्त दिशा निर्देशो के तहत जिला खनिज प्रतिष्ठान की वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-25 का अनुमोदन व जिला खनिज प्रतिष्ठान की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के संबंध में कलेक्टर सभागार में 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह समय 11.30 बजे म.प्र. जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितो से उपस्थिति के अपेक्षा की गई है।

### नहाय-खाय के साथ आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत



**कोतमा।** तीन दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत के लिए कोतमा के बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी। व्रती सुबह स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर उनसे शक्ति की कामना की। इसके बाद घरों में पूजा-अर्चना कर कद्दू की सब्जी अरवा चावल का भात व चना दाल तैयार किया गया। नगर सहित कोयलांचल के बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी। कहीं, लोग छठ के लिए कपड़े एवं पूजा के लिए दउरा खरीद रहे हैं तो कहीं, सूप, मिट्टी व कांसे के बर्तन के साथ ही टोकरी और फल खरीदते हुए व्यस्त नजर आए। नगर सहित कोयलांचल के भालूमाड़ा जमुना बदरा कालरी बिजुरी राजनगर रामनगर के बाजारों में छठ महापर्व को लेकर व्रतियों व उनके परिजनों ने शनिवार को जमकर खरीदारी की। लोग कपड़े से लेकर दउरा, सूप, मिट्टी व कांसे के बर्तन, फल सहित पूजन सामग्री की खरीदारी करते नजर आए।

### मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पसान में हुआ प्रारंभ



**जमुना/बदरा।** मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का उद्घाटन पसान गांव के पास स्थित सब स्टेशन के समीप किया गया। यह क्लीनिक अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आरोग्य परमं धनम्-शहरी स्वास्थ्य केंद्र के रूप में पसान वार्ड क्रमांक 8, जिला अनूपपुर में पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। इस पहल का उद्देश्य आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना है, ताकि वे सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में पूरी तरह से सुविधा युक्त ओपीडी सेवा दवाइयों की उपलब्धता और अन्य स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं प्रदान की जा रही हैं यहां पर एक पेशेवर चिकित्सक के अलावा तीन अन्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस क्लीनिक के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच, दवाइयों और अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाएं सस्ती दरों पर मिल सकेंगी। यह स्वास्थ्य केंद्र आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा।

### लंबे समय से फरार वारंटियों को गिरफ्तारी

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटी की तामीली हेतु आदेशित किया गया, जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस के द्वारा महिला संबंधी मामलो में जारी वसूली वारंटो की तामीली की गई है। पहले मामले मे 24 अक्टूबर को अमनदीप सिंह छावडा सिविल कोर्ट कोतमा के न्याया0 से आरसीटी क्र. 126/2022 धारा 125 (3) हिन्दु गोद रखरखाव अधिनियम के वारंटी दीपचन्द्र लहगींर पिता स्व. गणेश प्रसाद लहगींर उम्र 40 वर्ष निवासी अमरपुर पेंड्रा थाना गौरेल्ला जिला जीपीएम छ.ग. को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। दूसरे मामले मे न्याया0 अरविन्द कुमार बरला सिविल कोर्ट कोतमा जिला अनूपपुर के एमजेसीआर 110/2025 धारा 125 (3) हिन्दु गोद रखरखाव अधिनियम के वारंटी सुरेन्द्र पनिका पिता मुरलीदास पनिका उम्र 26 वर्ष निवासी घुरसिया थाना पेंड्रा जिला जीपीएम छ.ग. से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

---

**शिक्षा विभाग में गुरूघंटाल!**

## अफसरशाही की नींद नहीं तोड़ पाए उप मुख्यमंत्री के निर्देश

# जिले में औंधे मुंह गिरा राजधानी का आदेश

### प्रधानाध्यापक बने 'कानूनी अभयारण्य' के निवासी!

शिक्षा विभाग में फैला भ्रष्टाचार अब किसी रहस्य की तरह नहीं, बल्कि खुला खेल बन चुका है। राजधानी भोपाल स्थित राज्य शिक्षा केन्द्र से जारी पत्रों की स्याही सूख चुकी, लेकिन जिले के अफसरों की कलम अब तक नहीं चली।

शहडोल।

मामला प्रधानाध्यापक कामता प्रजापति, माध्यमिक विद्यालय अरझुला, संकुल केन्द्र करकटी का है, जिन पर वर्ष 2020 से 2024 तक लाखों रुपये की कंटिंजेंसी राशि में गड़बड़ी, फर्जी हस्ताक्षर, बैठक पंजी और स्टॉक रजिस्टर में हेराफेरी जैसे गंभीर आरोप हैं। शिकायतकर्ता नरेन्द्र सिंह गहरवार ने 21 जून 2025 को यह शिकायत उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के समक्ष दर्ज कराई थी। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल ने 25 जून 2025 को कलेक्टर, जिला परियोजना समन्वयक और सहायक आयुक्त को एक सप्ताह के भीतर जांच समिति गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन अब चार महीने बीत चुके हैं न जांच पूरी हुई, न कार्रवाई हुई और न ही आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया गया।

#### फाइलें घूमती रहीं, अफसर सोते रहे


डीपीसी अमरनाथ सिंह ने स्वीकार किया है कि तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था, लेकिन जांच दल के सदस्यों को न तो विद्यालय से कोई दस्तावेज मिला, न प्रधानाध्यापक ने सहयोग किया। बल्कि उल्टा, कामता प्रजापति ने जांच दल को एसटीएस मामले में फंसाने की धमकी दी। डीपीसी का कहना है कि हमने जांच प्रतिवेदन सहायक आयुक्त को भेज दिया है, कार्रवाई का अधिकार हमारे पास नहीं है। यानि मामला अब सहायक आयुक्त के पाले में है, लेकिन वहां भी फाइलें धूल खा रही हैं।

#### कलेक्टर और सहायक आयुक्त की चुप्पी पर सवाल

राजधानी से आए पत्र में कलेक्टर, सहायक आयुक्त और डीपीसी तीनों को निर्देशित किया गया था कि मामले की जांच कर यदि वित्तीय अनियमितता पाई जाए तो आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए, लेकिन आश्चर्य की बात है कि इतना स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद किसी अधिकारी ने जिम्मेदारी नहीं निभाई। क्या यह प्रधानाध्यापक को बचाने की मिली-जुली कोशिश है? या फिर शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का ऐसा नेटवर्क तैयार हो चुका है जो राजधानी से आए आदेशों को भी निष्प्रभावी बना देता है?

#### भ्रष्टाचार की परतें मोटी

प्रधानाध्यापक कामता प्रजापति पर आरोप हैं कि उन्होंने विद्यालय की कंटिंजेंसी राशि का फर्जी उपयोग कर बैठक पंजी में फर्जी हस्ताक्षर किए, स्टॉक पंजी नहीं बनाई और अध्यक्ष के नाम




पर राशि आहरित की। इन आरोपों की पुष्टि के लिए मूल अभिलेख जब्त किए जाने थे, लेकिन श्री प्रजापति के प्रभाव के आगे जांच समिति असहाय साबित हुई। जिला स्तर के अधिकारी जांच को जानबूझकर लटकाए हुए हैं, ताकि मामला धीरे-धीरे पुराने मामलों की फाइलों में खो जाए।

#### चार महीने से रेंग रहा आदेश

पत्र दिनांक 25 जून 2025 को राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल से जारी हुआ था, लेकिन अब अक्टूबर का अंत है, यानी लगभग 120 दिन बीत चुके हैं, फिर भी कार्यवाही का नामोनिशान नहीं। यह वह पत्र था, जो उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर जारी हुआ था और जिसमें कलेक्टर, डीपीसी, सहायक आयुक्त, यहां तक कि संभागीय उपायुक्त तक को प्रतिलिपि भेजी गई थी। जब राजधानी से आए आदेश जिले में रेंगते हुए ठंडे बस्ते में चले जाएं, तो आम नागरिकों की सामान्य शिकायतों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

#### आखिर किसके संरक्षण में हैं कामता

यह पहला मामला नहीं है जब शिक्षा विभाग में वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर कार्रवाई टलती रही हो। मगर इस बार फर्क इतना है कि मुख्यमंत्री स्तर के निर्देशों के बावजूद फाइल दबा दी गई। जब राजधानी से आया आदेश भी अमल में नहीं लाया जाता, तो क्या जिले के अधिकारी खुद को शासन से ऊपर समझते हैं?

#### पत्र तो निकला, मगर न्याय नहीं

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल का पत्र अब सरकारी रजिस्टर में सिर्फ एक फाइल नंबर बनकर रह गया है। प्रधानाध्यापक कामता प्रजापति खुलेआम घूम रहे हैं, जांच अधिकारी चुप हैं और अफसर अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं। इस पूरे मामले ने यह साबित कर दिया है कि जिले में शासन के आदेश नहीं, बल्कि संरक्षण की राजनीति चल रही है। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन और सहायक आयुक्त उप मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए आरोपी प्रधानाध्यापक पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराते है या फिर यह मामला भी फाइल बंद, मामला खत्म की श्रेणी में डाल दिया जाएगा।

---

## जनरल सेक्रेटरी की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय में बैठक संपन्न

**उमरिया।** जनरल सेक्रेटरी,भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा भोपाल रावेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जनरल सेक्रेटरी, भारतीय रेडक्रास सोसायटी रावेन्द्र सिंह द्वारा कुपोषण के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई एवं आवश्यक सुझाव दिए गए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सिकल सेल रोगियों के कार्ड बनाये जाने ,जन औषधि के संचालन के संबंध में एवं जन औषधि में मिलने वाली जेनेरिक दवाओं की उपयोगिता व गुणवत्ता बताते हुए जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ समस्त चिकित्सा अधिकारियों द्वारा मरीजों को अधिक से अधिक से जन औषधि से दवा लेने के प्रेरित किए जाने निर्देश दिए गए।

इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग के सबसे निचली कडी आशा कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं को सी.पी.आर का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में सभापति अखिलेश त्रिपाठी ,आत्माराम , सचिव राकेश शर्मा,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल , आर.एम.ओ. डॉ. संदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी,सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिव्या गुप्ता,राकेश कुमार सोनी कोषाध्यक्ष,तरूण कुमार सिंह डायरेक्टर एस.बी.आई., अनुराग तिवारी सदस्य,प्रिंस छगवानी, रजनी साहू सदस्य, बिष्णु लाल ,एस.ई.सी.एल, प्रभात पट्टा खनिज विभाग, आशीष तिवारी, सदस्य तेजसिंह ठाकुर सदस्य,अतुल सिंह सदस्य तथा डॉ.आर.बी. सिंह सदस्य, बैठक में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने लिंक ऑफिसर किया नियुक्त

उमरिया। कलेक्टर ने अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन करते हुए लिंक ऑफिसर नियुक्त किया है। जिसमे अपर कलेक्टर पी.के.सेन गुप्ता की लिंक ऑफिसर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया के लिंक ऑफिसर प्रभारी डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज , प्रभारी डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज की लिंक ऑफिसर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया शामिल है।

---

## प्रशानिक कार्य सुविधा की दृष्टि से अधिकारियों के मध्य किया गया कार्य विभाजन

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशानिक कार्य सुविधा की दृष्टि से अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया है। कलेक्टर स्वयं राजस्व में म प्र राजस्व संहिता 1959 की धारा 60, 161, 165(6) एवं 237 की मूल क्षेत्राधिकारिता के सभी प्रकरण, राजस्व पुस्तक परिपत्र के अंतर्गत कलेक्टर की क्षेत्राधिकारिता के सभी प्रकरण, म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 के अन्तर्गत अपील/निगरानी का तहसील बांधवगढ, पाली, मानपुर, चंदिया, बिलासपुर,करकेली एवं नौरोजाबाद का प्रत्येक 10 वॉ प्रकरण ,दाण्डिक में भारतीय न्याय संहिता/भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता में जिला दण्डाधिकारी की क्षेत्राधिकारिता के प्रकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के प्रकरण ,राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रकरण ,विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम के प्रकरण , शस्त्र अधिनियम तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रकरणों में अभियोजन की स्वीकृति , विविध में जिला निर्वाचन अधिकारी(सामान्य निर्वाचन),जिला निर्वाचन अधिकारी(स्थानीय निर्वाचन) ,पंचायत एवं नगरपालिका अधिनियम के अन्तर्गत कलेक्टर की क्षेत्राधिकारिता के प्रकरण,जिला योजना मंडल , जिला आपूर्ति शाखा, जिला आबकारी शाखा , जिला सर्व शिक्षा अभियान (राजीव गॉधी शिक्षा मिशन,अनुज्ञप्तियॉ रेडक्रास सोसायटी,कोषालय ,खनिज , स्टेनो कलेक्टर/रीडर कलेक्टर ,जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति ,आदिम जाति कल्याण विभाग ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की नियुक्ति से संबंधित अपील प्रकरण, सरफेसी अधिनियम के प्रकरण। उत्कृष्ट विद्यालय, उमरिया द्वारा प्रस्तुत नस्तियों एवं पत्राचार पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष की हैसियत से निराकृत करने की अधिकारिता , सभी विभागों के निर्माण कार्यो की समीक्षा । विधायक मद/सांसद मद के निर्माण कार्यो की समीक्षा करेंगे।

इसी तरह सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं के प्रभारी ,पेसा अधिनियम एवं लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी लाइन डिपार्टमेंट की बैठकें आयोजित करना, बैंक स्पांसर्ड योजनाओं की मानिटरिंग ,हितग्राही मूलक योजनाओं की मानिटरिंग , प्रशिक्षण एवं रोजगार मूलक योजनाओं की मानिटरिंग ,स्वीप नोडल अधिकारी ,सचिव, ई-गवर्नेश सोसायटी ,सचिव डीएमएफ शाखा आदि का कार्यभार संभालेंगे।

अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता राजस्व में तहसील बांधवगढ, मानपुर, पाली, चंदिया, नौरोजाबाद, बिलासपुर करकेली के अन्तगर्त म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धाराओं के अंतर्गत अपर कलेक्टर के क्षेत्रातंगर्त सभी प्रकरण,(उपरोक्तानुसार कलेक्टर की क्षेत्राधिकारिता के प्रकरणों को छोडक़र) बांधवगढ, मानपुर, पाली, चंदिया, नौरोजाबाद, बिलासपुर एवं करकेली के अन्तगर्त म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के 01 से 09 तक के प्रकरण अपर कलेक्टर को प्रस्तुत होगें एवं प्रत्येक 10 वां प्रकरण कलेक्टर को प्रस्तुत होगा।

संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया को उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन/स्थानीय निर्वाचन/मंडी निर्वाचन/जल संस्थाओं, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख/भू-प्रबंधन ,स्थापना शाखा (भू-अभिलेख शाखा/भू-प्रबंधन (डायवर्सन),राहत शाखा (बाढ़ नियंत्रण,आपदा प्रबंधन), भारसाधक अधिकारी मण्डी उमरिया,एस0डब्ल्यू0 शाखा, जवाहर नवोदय विद्यालय दुब्बार(पाली) जिला उमरिया के कलेक्टर प्रतिनिधि,उपरोक्त आवंटित शाखाओं के कलेक्टर/अपर कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्य करने होगे।

प्रभारी डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज को प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ लिपिक शाखा,सी.एम.घोषणाए,तीर्थ दर्शन योजना/ जैव विविधता/ धर्मस्व/ संस्कृति/ जनगणना शाखा ,राजस्व/राजस्व मोहर्रिर, के अतिरिक्त कलेक्टर/अपर कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्यो का निर्वहन करेंगे।

डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0)/ दण्डाधिकारी बांधवगढ़ अम्बिकेश प्रताप सिंह राजस्व में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धाराओं के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग क्षेत्र के समस्त कार्य,अनुविभाग में आने वाली तहसील बांधवगढ , चंदिया, करकेली एवं बिलासपुर की अपील के समस्त प्रकरण, दाण्डिक में धारा 97, 98, 110, 133, 145, 146 सी. आर.पी.सी. के सभी प्रकरण,विविध में प्रभारी अधिकारी किराया भाडा नियंत्रक अधिकारी, मप्र लोक परिसर बेदखली अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी, आदि,।

डिप्टी कलेक्टर (परिवीक्षाधीन ) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0)/दण्डाधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी को राजस्व में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धाराओं के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग मानपुर क्षेत्र के समस्त कार्य , अनुविभाग मानपुर में आने वाली तहसील मानुपर, उप तहसील बरबसपुर के अपील के समस्त प्रकरण,दाण्डिक में धारा 97, 98, 110, 133, 145, 146 सी. आर.पी.सी. के सभी प्रकरण,25 पुलिस एक्ट के प्रकरण ,विविध में म.प्र. लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी/भाडा निर्धारण अधिकारी, अपने क्षेत्र के वन व्यवस्थापन अधिकारी/वनाधिकार के मामले सहित अपने क्षेत्र के भू-अर्जन अधिकारी तथा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी(रा0)/दण्डाधिकारी अनुभाग पाली मीनाक्षी इंगले को राजस्व में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धाराओं के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग पाली क्षेत्र के समस्त कार्य , अनुविभाग पाली में आने वाली तहसील पाली, नौरोजाबाद की अपील के समस्त प्रकरण , दाण्डिक में धारा 97, 98, 110, 133, 145, 146 सी.आर.पी.सी.के सभी प्रकरण , 25 पुलिस एक्ट के प्रकरण, विविध में म.प्र. लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी / भाड़ा नियंत्रक अधिकारी, अपने क्षेत्र के वन व्यवस्थापन अधिकारी/वनाधिकार के मामले सहित अपने क्षेत्र के भू-अर्जन अधिकारी , आवास नीति एवं कालोनाईजर संबंधी कार्य , भारतीय लोक न्यास अधिनियम के तहत पंजीयन अधिकारी,अपने क्षेत्र के नजूल अधिकारी ,अपने अनुभाग के लिए अपीलीय अधिकारी के दायित्व का निर्वहन करेंगी।

---

## डीवीएम स्कूल अमलाई मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



हरिभूमि न्यूज अमलाई।

डीव्हीएम पब्लिक विद्यालय में अमलाई में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से लेकर कक्षा दस तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से अपनी रचनालाकता कल्पना शक्ति तया कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता, आर्थिक समृद्धि और सामाजिक एकता के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डीके सिंह ने बच्चों को रंगोली का महत्व बताते हुए कहा कि रंगोली घरों में सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक है। यह हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। विद्यालय में नियुक्त सह-पाठ्यचची गतिविधि प्रभारी श्रीमती रुपाली जैन, प्रिया शमी एवं शैली मिश्रा द्वारा बच्चों को प्रतियोगिता में सहयोग दिया गया व बच्चों को उत्साहित किया गया। विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के प्रेरित किया।

---

## कोयला मजदूर सभा और प्रबंधन के बीच वार्ता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

24 अक्टूबर को जमुना कोतमा क्षेत्र के वी.आई.पी गेस्ट हाउस में कोयला मजदूर सभा और प्रबंधन के बीच एक सफल और सौहार्दपूर्ण वार्ता आयोजित की गई। यह बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कोयला मजदूर सभा द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर प्रबंधन ने अपनी पूरी सहमति दी, जिससे क्षेत्र के श्रमिकों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई। बैठक में जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई उसमे कहा गया कि कोतमा गोविंदा उपक्षेत्र में सफाई का टेंडर हो चुका है, और एक माह के अंदर सफाई कार्य शुरू हो जाएगा। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि सभी फिल्टरप्लांट और कालोनियों के लिए पंप ऑपरेटर, वाल्व मेंन और फिटर के पदों पर शीघ्र ही नियुक्तियां की जाएंगी। सभी कालोनियों में नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, और पानी की आपूर्ति में कोई बाधा आने पर तुरंत समस्या का समाधान किया जाएगा। जमुना कोतमा क्षेत्र में बिजली पोल का सर्वे कर एक माह के भीतर स्ट्रेंथेनिंग कार्य शुरू किया जाएगा। 2026 के मेन पावर बजट के तहत पहले फेज का प्रमोशन 25 नवंबर को किया जाएगा। मेडिकल बिल, टीए बिल और डीए बिल का भुगतान शीघ्र किया जाएगा, और यूनिफार्म का भुगतान भी 10 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। ऐसे कर्मचारी जो दूसरे कैडर में कार्यरत हैं, उन्हें आवेदन के आधार पर वर्तमान पद पर नियुक्त किया जाएगा। संगठन ने



बरतराई खदान में डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की थी, जिस पर सी.एम.ओ. ने आश्वासन दिया कि 27 अक्टूबर से डिस्पेंसरी में डॉक्टर सप्ताह में 3 से 5 दिन उपलब्ध रहेंगे। बैठक में प्रबंधन की ओर से अजय कुमार (जीएम ऑपरेशन), ज्योति कुमार (स्टॉफ ऑफिसर, एचआर), उप क्षेत्रीय प्रबंधक और सी.एम.ओ. सहित अन्य पर्सनल अधिकारी उपस्थित थे। संगठन की ओर से श्रीकांत शुक्ला के नेतृत्व में बिक्रम प्रसाद, रमाशंकर तिवारी, ऋषि नारायण तिवारी, राजकुमार शर्मा, विनय पांडेय, और अन्य कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अंत में सत्यप्रकाश साहब द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आभार प्रकट किया गया।

---

## दीपावली के बाद छठ पर्व का उत्साह, धूमधाम से की जायेगी छठ पूजा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

छठ पूजा एक प्रमुख भारतीय त्योहार है। जिसे खासतौर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल में मनाया जाता है। यह पूजा सूर्य देवता और छठ माता की आराधना के लिए होती है जो जीवन देने वाली ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। इस पूजा का आयोजन कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक किया जाता है। इस दौरान भक्त सूर्य देवता से स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशियों की कामना करते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना कालरी में बाजारों में छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानें सज गई है। बांस से बने टोकरी सूपा की दुकानों में महिलाएं पुरुष पहुंचकर खरीददारी करने लगे हैं। नदी घाटों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। पंचांग के मुताबिक हर साल कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से छठ पूजा के पर्व की शुरुआत होती है। इस व्रत को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। ये पर्व पूरे तीन दिन तक चलता है और माताएं परिवार की सुख-शांति के लिए तीन दिन का ये कठिन व्रत रखती हैं। लोक आस्था महापर्व छठ शुरू होने में महज 48 घंटे शेष है। 25 अक्टूबर, शनिवार से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व शुरू हो रहा है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है। 26 अक्टूबर, रविवार को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्टूबर, सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढलते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं। 28 अक्टूबर, मंगलवार को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 5000 के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**कटनी।** चोरी के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रूपए के ईनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बरही पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी नीलेश यादव को ग्राम पथरहटा से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी नीलेश यादव के खिलाफ पूर्व में भी थाना बरही में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। इनमें अपराध क्रमांक 213/21 धारा 294,506 ता हि एवं अपराध क्रमांक 775/21 376,307,294, 323,506, ता हि 3/4 पास्को एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। कार्रवाई में निरी. शैलेन्द्र सिंह यादव, उनि शैलेंद्र सिंग सेंगर, स उ नि दिनेश प्रसाद गौतम, प्र.आर. 334 अतुल तिवारी, आर विवेक यादव की मुख्य भूमिका रही।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनहरा ग्राम में गत सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत की बाउंड्री पर अवैध रूप से दौड़ाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक की पहचान फूल सिंह राठौर 40 वर्ष पिता रामनरेश राठौर, निवासी ग्राम सुनहरा थाना बड़वारा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, फूल सिंह सुबह खेत में काम करने गए थे और धान कटवाने के लिए एक हार्वेस्टर संचालक से बात करने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में खेत की बाउंड्री पर छोड़ी गई अवैध करंट लाइन की चपेट में आ गए। करंट का झटका इतना तेज था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और मर्ग कायम किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों ने दोषी किसान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### छठ पर्व को लेकर नदी, घाटों में विशेष सफाई

**कटनी।** पूर्वांचल समाज द्वारा नगर में 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले छठ पूजन पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन की तैयारियां अब अंतिम चरणों में है। श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस अंबेडकर वार्ड स्थित बाबा घाट एवं मंगल नगर स्थित छपरवाह नदी सहित घाट के आसपास के अपशिष्ट की विशेष दलेल के माध्यम से सफाई कराई गई। छठ पूजन के दौरान नगर के विभिन्न घाटों कटाए घाट, बाबा घाट, मंगल नगर- छपरवाह घाट, बजरंग कॉलोनी घाट - एनकेजे में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर घाटों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर घाट, सीढ़ियों एवं आसपास के स्थलों की जेसीबी वाहन एवं श्रमिकों के माध्यम से सफाई की जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा उनके विभग के माध्यम से की जानें वाली आवश्यक तैयारियां साफ-सफाई, चूने की लाइन, कीटनाशक दवा का छिड़काव, आवारा मवेशियों के नियंत्रण, घाटों एवं पहुंच मार्गो की मरम्मत एवं सुधार कार्य, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सहित पेयजल व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है।

### 31 दिसंबर तक हर विकास कार्य पूरा करें अधिकारी

# सीईओ जिला पंचायत ने दी सख्त चेतावनी

**गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं, लक्ष्य हासिल करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी**



**शहडोल।** जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिले में जारी सभी निर्माणाधीन विकास कार्यों को 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि अब किसी भी तरह की देरी या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की समयसीमा तय है और अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। जो विभाग लापरवाही करेगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उन्होंने 'एक बगिया मां के नाम' योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों और पीएम जनमन योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने में कोई ढिलाई न बरती जाए। बैठक में अतिरिक्त सीईओ मुद्रिका सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ ने अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य सिर्फ काम पूरा करना नहीं, बल्कि गुणवत्ता के साथ काम कर जिले को उत्कृष्ट श्रेणी में लाना है।

## नगर पालिका परिषद धनपुरी की बैठक में चार प्रस्ताव पारित वार्डों के विकास पर उठे सवाल, पार्षदों में गहराया असंतोष

**धनपुरी।** नगर पालिका परिषद धनपुरी के सभागार में बुधवार 24 अक्टूबर को आयोजित परिषद की बैठक औपचारिक रही, लेकिन भीतरखाने में असंतोष साफ झलकता दिखा। नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा, उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, सीएमओ पूजा बुनकर, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, लोक निर्माण विभाग प्रभारी राम विशाल नापित, लेखाधिकारी पीयूष, सहित सभी वार्डों के पार्षद मौजूद रहे।



बैठक में चार एजेंडे रखे गए एक राष्ट्र, एक चुनाव,आत्मनिर्भर भारत संकल्प, जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी, 1 नवंबर को स्थापना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय,चारों प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। मगर, वार्डों में लंबित विकास कार्यों पर चर्चा होते ही माहौल गंभीर हो गया। पार्षदों ने साफ कहा कि जनता उनसे सवाल पूछ रही है। "काम कब होंगे?"

पार्षद आनंद मोहन जायसवाल के तीखे तेवर वार्ड क्रमांक 18 के कांग्रेस पार्षद आनंद मोहन जायसवाल ने बैठक में तीन मुद्दों एक राष्ट्र एक चुनाव, आत्मनिर्भर भारत संकल्प और जीएसटी दरों में कमी पर केन्द्र सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 20 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज का बड़ा हिस्सा केवल कर्ज था, वास्तविक लाभ आम जनता तक नहीं पहुंचा।"सरकार ने गरीबों को फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत मुफ्त अनाज दिया, पर व्यापारियों और श्रमिकों को कोई राहत नहीं मिली। 20 लाख करोड़ रुपये के नाम पर जनता को भ्रमित किया गया।"

**एक राष्ट्र, एक चुनाव – "तानाशाही की राह"**

पार्षद जायसवाल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर हमला है।"यह व्यवस्था केवल सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली है। अगर सभी चुनाव एक साथ होंगे तो जो संस्थाएं बीच कार्यकाल में भंग होंगी, उनका संवैधानिक अधिकार छिन जाएगा। यह देशहित में नहीं, तानाशाही की ओर ले जाने वाला कदम है।"उन्होंने सवाल उठाया कि जब लोकसभा चुनाव 8-8 चरणों में तीन महीने तक चलते हैं, तो एक साथ पूरे देश के चुनाव कैसे संभव हैं?"यह कदम गरीबों और छोटे दलों की आवाज दबाने का प्रयास है।"

**"जीएसटी उत्सव" को बताया दिखावा**

जायसवाल ने जीएसटी दरों में कटौती पर आयोजित जीएसटी बचत उत्सव को "गब्बर सिंह टैक्स" का उत्सव बताया। "मोदी सरकार और गोदी मीडिया देश को गुमराह कर रहे हैं। जब जीएसटी दरों में कमी की घोषणा हुई, तब प्रधानमंत्री मोदी नदारद रहे। जबकि वह ट्रेन को झंडी दिखाने जाते हैं, मगर इतने बड़े आर्थिक फैसले पर सामने नहीं आते।" उन्होंने पूछा — "आठ सालों में जीएसटी के नाम पर जो देश को लूटा गया, उसकी जवाबदेही कौन तय करेगा?"

**वार्डों में विकास कार्य ठप, बढ़ सकता विरोध:** चुनाव के बाद साढ़े तीन साल गुजर चुके हैं, लेकिन अधिकतर वार्डों में अभी तक दो-चार काम ही पूरे हो पाए हैं। जनता पार्षदों से जवाब मांग रही है, और पार्षद नगर पालिका प्रशासन से। कई पार्षदों का कहना है कि अगर कामों की गति नहीं बढ़ी, तो वे आने वाले दिनों में खुले विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति रही चर्चा का विषय:** बैठक में नेता प्रतिपक्ष नदारद रहे, जिससे विपक्ष की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

## जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, 11800 रूपए किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दलीपुर जंगल में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर 9 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 11,800 नगद राशि और ताश की गड्डियाँ बरामद की हैं।पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पकड़े गए जुआरियों में शरफ अली निवासी अहमद नगर, दिनेश गुप्ता निवासी चंडिका नगर, जितेन्द्र गुप्ता निवासी पन्ना मोड़, बहरुप सोनी निवासी पन्ना मोड़, अंकित गुप्ता निवासी चंडिका नगर, सलिल जैन निवासी बस स्टैंड, फरहान खान निवासी अहमद नगर,सत्यम गुप्ता निवासी पन्ना मोड़, तथारिजवान अनवर निवासी अहमद नगर शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच एवं कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में उप निरीक्षक सौरभ सोनी, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पटेल, रामेश्वर सिंह, अजय यादव, राहुल सिंह, मनोज सिंह, प्रभाकर सिंह, विजय प्रजापति सहित अन्य पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दो आदतन आरोपितों को पुलिस किया गिरफ्तार

कटनी। कुठला पुलिस ने अड़ीबाजी के दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल कटनी भेज दिया गया। एसपी के निर्देश पर चल रही कार्रवाई के तहत थाना कुठला प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों को पकड़ा।गिरफ्तार आरोपियों के नाम सचिन निषाद पिता संतोष निषाद निवासी कन्हवारा और मनीष निषाद पिता मंजू निषाद निवासी इन्द्रानगर गली नंबर 1 हैं। दोनों पर थाना कुठला में अलग-अलग अड़ीबाजी के प्रकरण दर्ज थे। कार्रवाई में एसआई सौरभ सोनी, श्यामनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह एवं अन्य पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता माह का भव्य आयोजन




**शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में अक्टूबर माह के अवसर पर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत साइबर जागृत भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय कर्मचारियों में साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता और जिम्मेदारी विकसित करना था। कार्यक्रम में लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामाजिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है। हमें सजग रहकर ही सुरक्षित डिजिटल भारत का निर्माण करना है।

कुलसचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि डिजिटल दुनिया में थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर हानि पहुंचा सकती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करना अत्यावश्यक है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गौरव गुप्ता, निदेशक (वैज्ञानिक 'एफ'), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार थे, जिन्होंने साइबर अपराध और सुरक्षा विषयक विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के व्यवहारिक उपायों के बारे में समझाया।

कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के तकनीकी प्रकोष्ठ द्वारा किया गया और इसे ऑनलाइन माध्यम से प्रत्यक्ष प्रसारण भी किया गया, जिससे विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में जुड़ सके। कार्यक्रम में डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन सतर्कता और साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। आयोजन से विद्यार्थियों और कर्मचारियों में डिजिटल दुनिया में सजगता और सतर्कता का नया संदेश उत्पन्न हुआ। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत हित का विषय नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इस प्रकार विश्वविद्यालय ने साइबर जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विद्यार्थियों में सजगता

## शासकीय कार्यालयों में चल रहा 'स्पेशल कैम्पेन 5.0'

**हरिभूमि न्यूज:कटनी** ।_वच्छता को संस्थागत रूप देने एवं शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु भारत सरकार के समस्त विभागों में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे 'स्पेशल कैम्पेन 5.0' की तर्ज पर, प्रदेश शासन के सभी शासकीय कार्यालयों में भी यह अभियान चलाया जा रहा है।जिले में इस अभियान के सफल संचालन, आयोजन और सम्पूर्ण कार्यवाही के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष तिवारी ने आदेश जारी कर लोक सेवा प्रबंधक श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर समय-समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।इस अभियान के अंतर्गत सी एम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण, कार्यालय परिसरों की सफाई व अनावश्यक वस्तुओं का निस्तारण, पुराने रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण एवं विनिष्टीकरण, लंबित विधानसभा प्रश्न, आश्वासन, शून्यकाल, लोक लेखा समिति प्रकरणों का निराकरण, कार्यालयों में बेतरतीब रखे गए फर्नीचर, रैंक और अलमारियों को मानक लेआउट के अनुसार व्यवस्थीकरण, मुख्यमंत्री मॉनिट, मुख्य सचिव मॉनिट एवं अन्य संदर्भों के निराकरण में तेजी, खराब, अनुपयोगी या पुराने फर्नीचर की सूची तैयार कर निस्तारण एवं मरम्मत, कचरा संग्रहण हेतु नियत डस्टबिन और कचरा पृथक्करण की व्यवस्था की जायेगी। इसी प्रकार ई-कचरे (पुराने कंप्यूटर, प्रिंटर, कार्ट्रिज आदि) को निस्तारित करने का कार्य किया जा रहा है।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**कटनी।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रूपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए। बोनस की राशि 7 हजार रूपये अथवा 8.33 प्रतिशत जो भी अधिक हो वह देय होगी।

### 26 अक्टूबर को होगा सप्तशक्ति संगम का वृहद कार्यक्रम

विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में 26 अक्टूबर रविवार को ठीक 2: 30 बजे से सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती राज अग्रवाल, अध्यक्ष श्रीमती रीता शिवहरे, वक्ता श्रीमती ज्योति द्विवेदी, वक्ता श्रीमती भगवती सोनी, जिला संयोजिका श्रीमती कौशिल्या चक्रवर्ती, सहसंयोजिका श्रीमती पिंकी यादव सहित विद्यालय की अभिभाविकाएं, समाज सेविकाएं , पूर्व छात्र बहनें एवं समाज से मातृ-शक्तियों की उपस्थिति रहेगी जिसमें वक्ता मातृ-शक्तियों के द्वारा पंच परिवर्तन के विषय कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण पर भारतीय दृष्टि एवं भारत के विकास में नारी शक्ति का योगदान पर पाथेय प्राप्त होगा साथ ही भारतीय संस्कृति पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम , समाज में विशेष योगदान देने वाली मातृ-शक्तियों का सम्मान , रुपसज्जा , अनुभव कथन , शिशु वाटिका के बारह शैक्षिक व्यवस्थाओं का दर्शन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे आप सभी मातृ-शक्तियों से सादर आग्रह है कि कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनावें ।

## दीपावली के अवसर में युवा टीम ने 100 से भी अधिक जरूरतमंद परिवारों को खुशियों से भरा पैकेट किया वितरण

### युवा हर साल करते है असहाय परिवारों की दिवाली रोशन जरूरतमंद परिवारों के चेहरे में आई मुस्कान



**उमरिया।** रोशनी के पर्व दीपावली पर गरीबों के घर में खुशियां छाए, इसके लिए जिले की सक्रिय युवाओं की एक टोली युवा टीम उमरिया अनूठा काम करती है।बगैर किसी नाम की चाहत व सुर्खियां बटोरे ये युवा सालभर पॉकेट मनी में से कुछ राशि बचाते हैं व पाली पुलिस वजन सहयोग के माध्यम से दीपावली पर गरीबों के बीच खुशियों के पैकेट बांटे जा सकें। 4 साल से इनकी ये अनूठी सेवा जारी है जो इस बार भी गरीबों के यहां आनंद का उजियारा लाई है। युवाओ उद्देश्य यही है कि वे प्रमुख त्योहार दिवाली पर बस्ती में रहने वाले लोगों के बीच खुशियां बांट सके। अपनी खुशियों के लिए तो सभी दिन-रात लगे रहते हैं लेकिन इन युवाओं की सोच कुछ अलग हटकर है। तभी तो वे दीपावली के एक माह पहले से खुद के शौक व गैजेट्स की बजाय गरीबों को दिए जाने वाले खुशियों के पैकेट के मैनेजमेंट में जुट जाते हैं।दीपावली की पूर्वसंध्या पर सबकी दीवाली खुशियों वाली कार्यक्रम के अंतर्गत 100 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को "हेप्पी किट्स" बांटकर दीपावली मनाई गई जिसमें युवाओ के द्वारा बच्चों को मिठाई, नमकीन, रंगोली, ईको फ्रेंण्डली फटाखे, ईको फ्रेण्डली बैग, बिस्किट, चॉकलेट, दिया और बाती नए वस्त्र, सजावट सामग्री आदि रख खुशियों से भरा पैकेट प्रदान किया गया। पुलिस प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को बढ़ चढ़कर इन युवाओं का सहयोग करना चाहिए जिससे और भी अधिक जरूरतमंद लोगों की सहायता हो सके। टीम का नेतृत्व कर रहे हैं हिमांशु तिवारी ने बताया कि, इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जो वर्ग सक्षम नहीं है उन्हें भी सक्षम वर्ग की तरह सुविधाओं का आनंद प्रदान करना था। तो वह वर्ग भी जो अर्थिक कमी के कारण आम सुविधा से वंचित है उसे भी दीपावली के अवसर पर इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकें। खुशियों से भरा पैकेट वितरण करते समय युवा हिमांशु तिवारी,सौरभ पांडेय, प्रेरणा तिवारी इच्छा तिवारी, राहुल सिंह व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।


## बुढार थाने की कमान संभालेंगे विनय सिंह

**शहडोल यातायात प्रभारी होंगे संजय जायसवाल**



### केशवाही डबल हत्या के बाद प्रशासनिक स्तर की कार्रवाई

**बुढ़ार।** पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए यातायात से बुढार थाने की कमान विनय सिंह गहरवार को सौंपा है और बुढ़ार थाने में पदस्थ संजय कुमार जायसवाल को यातायात शहडोल प्रभारी का दायित्व सौंपा है। विगत दिनों केशवाही चौकी के अंतर्गत ग्राम बलबहारा में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों डबल हत्या काण्ड को लेकर प्रशासनिक दबाव के चलते यह बदलाव किया है।सूत्रों के अनुसार यह फेरबदल सिर्फ औपचारिक नहीं बल्कि प्रशासनिक सख्ती का संदेश माना जा रहा है। पुलिस विभाग अब बुढ़ार क्षेत्र में कानून - व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखेगा। नवागत थाना प्रभारी विनय सिंह



नगर में शांति व्यवस्था और अपराधियों के लिए सख्त और सक्रिय अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं इसके पूर्व गोहपारू थाने में नशीली दवाएं एवं अन्य गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को सलाख़ों के पीछे डाला है।

# जनपद पंचायत उपाध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

## तीन हमलावरों ने व्यापारी पर हमला कर किया लहूलुहान, दो आरोपी गिरफ्तार

### थाने में दर्ज हुई शिकायत, पुलिसिया कार्यवाही जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। अनूपपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह के पुत्र जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तेजभान सिंह को शराब ठेकेदार द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। जिसे लेकर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तेजभान सिंह ने शुक्रवार को भालूमाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।**

पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तेजभान सिंह के अनुसार, भालूमाड़ा एवं जमुना क्षेत्र में शराब की दुकानों का संचालन करने वाला ठेकेदार प्रशांत राय न केवल दुकानों के माध्यम से शराब बेच रहा है, बल्कि अपने कर्मचारियों के जरिए आसपास के गाँवों में अवैध रूप से घर-घर शराब पैकारी करवा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि इस अवैध पैकारी के कारण गाँवों में नवयुवकों में शराबखोरी बढ़ी है, जिसके चलते आये दिन झगड़े, मारपीट और कई बार जानलेवा हमले तक की घटनाएं हो रही हैं। धमकी के बाद तेजभान सिंह ने तुरंत भालूमाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि शराब ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्र में भय और अवैध शराब कारोबार पर रोक लग सके। भालूमाड़ा पुलिस ने शिकायत पर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कॉल डिटेल्स और ऑडियो साक्ष्यों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार पर तुरंत कार्रवाई कर क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

### इधर तीन हमलावरों ने व्यापारी को किया लहूलुहान

कोतमा नगर में शुक्रवार की रात को व्यापारी मनमोहन ताम्रकार 37 वर्ष के ऊपर दीप शुक्ला द्वारा साथियों के साथ जानलेवा हमला कर वारदात को अंजाम दिया गया। सायरन बजाकर चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों में तीन की संख्या में



आए लोगों ने गाड़ी की रॉड से ताबड़तोड़ कई प्रहार किये। घटना की खबर लगते ही भारी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच आक्रोशित दिखे। व्यापारी एवं नागरिकों द्वारा पुलिस से दीप शुक्ला एवं उसके साथियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कार्यवाही की मांग की



गई। सूचना पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल घटना स्थल सहित अस्पताल पहुंचते हुए परिजनों को सख्त कार्यवाही का भरोसा दिलाया। पीड़ति के सिर में गंभीर चोट, जबड़े की हड्डी टूटने से उपचार के लिए बिलासपुर ले जाया गया है। वारदात बस स्टैंड की है। पूरी घटना आस पास लगे कैमरों में नजर आ रही है जिसमें पीछे से आकर दीप शुक्ला सहित तीन हमलावरों ने मनमोहन ताम्रकार को रोकते हुए घेरकर हथियार से कई वार कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या की नीयत से सिर में वार किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समाचार लिखे जाने तक हमलावर दीप शुक्ला एक साथी के साथ कवर्धा जिले के कुकुर्द्ध थाने में छतीसगढ़ पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है जो थार से भागने का प्रयास कर रहे थे। थाना प्रभारी संग्राम सिंह एवं उनकी टीम ने बेरिकेट लगाकर गिरफ्तार करने की जानकारी प्राप्त हुई तथा कोतमा पुलिस सुपुर्दगी के लिए रवाना हो चुकी है। ज्ञात हो कि शिकायत पर पुलिस मामले में दीप शुक्ला एवं उसके साथियों पर धारा 296, 109, 351(3), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।

### इनका कहना है

तेजभान सिंह की शिकायत पर शराब ठेकदार के विरुद्ध अपराध की धारा 296, 351 (3) डीएनए के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

**संजय खलको**
थाना प्रभारी, भालूमाड़ा



# अमरकंटक में नर्मदा नदी के रामघाट पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक के पवित्र नर्मदा नदी के रामघाट दक्षिण तट पर शुक्रवार को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति (आयु लगभग 55-60 वर्ष) का शव तैरता हुआ मिला। शव राम सेतु झूला पुल के नीचे नदी में उतराता दिखाई दिया, जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस को पास में ही एक ऊनी स्वेटर, चादर और जूते रखे हुए मिले हैं। मृतक के पास से सुनहरे रंग का पर्स तथा साल वृक्ष की लकड़ी से बनी चिलमनुमा चोंगी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मृतक ने आसमानी रंग की फुल शर्ट, काले रंग की जींस पैंट पहन रखी थी और कमर में बेल्ट बंधी हुई थी। हाथ में कलावा बंधा हुआ है, सर के बीच के हिस्से में बाल नहीं हैं, रंग सांवला है और लंबाई लगभग 5 फुट 3 इंच बताई गई है। स्थानीय लोगों एवं पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, परंतु अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया और विच्छेदन उपरांत कफन-दफन की प्रक्रिया प्रारंभ की है। घटना की विवेचना उप निरीक्षक पी.एस. बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव द्वारा थाना प्रभारी नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी के निर्देशन में की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति की पहचान उपरोक्त विवरण से मेल खाती हो तो थाना अमरकंटक या एएसआई ईश्वर यादव से संपर्क कर जानकारी दें।

# अरुण कुमार मिश्रा बने भगवा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने अपने संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करते हुए अरुण कुमार मिश्रा को अनूपपुर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव मुरारी लाल पाण्डेय की सहमति और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकान्त शुक्ला के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्रा की अनुशंसा से की गई। अरुण कुमार मिश्रा लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वे संगठन को क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनके जुड़ने से जिले में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और पार्टी के जनाधार का विस्तार होगा। जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर जिलेभर के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। पार्टी ने विश्वास व्यक्त किया है कि अरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत एवं सक्रिय रूप में कार्य करेगा

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**कटनी।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रूपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए।

# अमरकंटक पुलिस ने चार गुमशुदा व्यक्तियों को किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक पुलिस थाना ने सराहनीय कार्यवाही करते हुए लंबे समय से गुमशुदा चार व्यक्तियों को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और निरंतर तलाश के बाद सफलता प्राप्त की। थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला मामला गुम इंसान क्रमांक 43/23 दिनांक 19 दिसंबर 2023 का है, जिसमें फरियादिया कोता बाई आर्मो निवासी वार्ड क्रमांक 4 काठजू, ग्राम बराती थाना अमरकंटक द्वारा अपनी नातिन प्रियंका बाई पिता लखन सिंह आर्मो (उम्र 22 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। विवेचना एवं पतासाजी के दौरान पुलिस ने 23 अक्टूबर 2025, दिन गुरुवार को उक्त युवती को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। यह कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर यादव द्वारा की गई। दूसरा मामला गुम इंसान क्रमांक 36/25 दिनांक 19 जुलाई का है, जिसमें फरियादी अरुण कुमार मरावी पिता सुरधन सिंह मरावी निवासी ग्राम दुवारी द्वारा अपनी पत्नी वंदना देवी मरावी (उम्र 22 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। निरंतर खोजबीन के बाद पुलिस ने 23 अक्टूबर को उन्हें दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक परशराम धनंजय एवं प्रधान आरक्षक संजय शाह (क्र. 47) की विशेष भूमिका रही। तीसरा मामला गुम इंसान क्रमांक 39/25 दिनांक 8 अगस्त का है, जिसमें फरियादी रामचरण पनिका पिता स्व. प्रेमलाल पनिका निवासी वार्ड क्रमांक 18, खाले टोला कुम्हरवार ने अपनी पुत्री दयावती पनिका (उम्र 21 वर्ष) के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान निरंतर प्रयास कर 23




अक्टूबर को गुमशुदा युवती को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। यह कार्रवाई भी एएसआई परशराम धनंजय एवं प्रधान आरक्षक संजय शाह द्वारा की गई। चौथा मामला गुम इंसान क्रमांक 48/25 दिनांक 16 सितंबर का है, जिसमें फरियादी जगदीश सिंह पेंद्राम पिता गया सिंह पेंद्राम निवासी ग्राम केकरिया द्वारा अपनी पुत्री गीता देवी (उम्र 20 वर्ष) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने पतासाजी के दौरान 23 अक्टूबर को युवती को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। इन सभी कार्यवाहियों का नेतृत्व नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी ने किया। अभियान में सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव, परशराम धनंजय एवं प्रधान आरक्षक संजय शाह की सक्रिय भूमिका रही। थाना अमरकंटक द्वारा यह विशेष गुमशुदा तलाश अभियान अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी राजेंद्र ग्राम नवीन तिवारी एवं जगन्नाथ सिंह मरकाम के दिशा-निर्देशन में चलाया गया। चारों गुमशुदा व्यक्तियों के परिजनों ने अपने परिजनों के सुरक्षित लौट आने पर अमरकंटक पुलिस के प्रति हर्ष एवं आभार व्यक्त किया तथा पुलिस प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता की प्रशंसा की।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर पुष्पराजगढ़ में सम्मेलन संपन्न

### स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर 24 अक्टूबर को जिले के पुष्पराजगढ़ विधानसभा के राजेंद्रग्राम में सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश मंत्री राजेश पांडे शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन में उपस्थित जन समूह तथा पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों को संबोधित किया और कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान यह एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है यह हमारे भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आवाहन है कि हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाए, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें।

### हर घर पहुंचाएं स्वदेशी का मंत्र

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है इस मंत्र को हर घर तक पहुंचाएं। हमारे देश के कारीगरों, हमारे किसानों, हमारे छोटे व्यापारियों, और हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है औरअपने लोगों की मेहनत को सम्मान




देते हैं अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेश पांडे ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान रहे हैं दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प ,परंपरागत उद्योग, यह सब आज वैश्विक पहचान बन चुका है जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो अपने देश की मिट्टी से जुड़ जाते हैं।

### वैक्सीन बनाकर भारत को बनाया आत्मनिर्भर

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में हमारे देश के वैज्ञानिकों ने भी स्वदेशी वैक्सीन बनाकर पूरी दुनिया को बता दिया कि भारत किसी पर निर्भर रहने वाला नहीं है हमारे देश के वैज्ञानिकों ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया और दुनिया को वैक्सीन बनाकर मानव जीवन की रक्षा की आज भाजपा सरकार स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया वोकल फार लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक का हर पहल लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। सम्मेलन में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पांडे, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, श्याम नारायण शुक्ला जिला उपाध्यक्ष मदन त्रिपाठी जितेंद्र सोनी, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी स्थानीय जनसमूह उपस्थित रहा उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

छठ पूजा 2025 नहाय-खाय के साथ शुरू हो चुका है। यह चार दिवसीय महापर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मड़फा तालाब में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहला दिन, नहाय-खाय, शरीर और मन की शुद्धि का प्रतीक है। व्रती सुबह जल्दी उठकर नदी या तालाब में स्नान करते हैं और घर की सफाई करते हैं। सात्विक भोजन में चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी शामिल होती है, जिसे बिना लहसुन-प्याज और कम मसालों के पकाया जाता है।



### 'खरना' संयम और भक्ति का दिन

दूसरे दिन 26 अक्टूबर बुधवार को खरना के साथ सामतपुर मड़फा तालाब में दोपहर 12 बजे छठ मैया के पूजा ध्वज वंदन के साथ शुभारंभ किया जाएगा। खरना, संयम और धैर्य का प्रतीक है। व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं। सूर्यास्त के बाद छठी मइया की पूजा में गुड़ की खीर, रोटी और फल अर्पित किए जाते हैं। प्रसाद बनाने में मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी का उपयोग होता है। पूजा के बाद व्रती और परिवारजन प्रसाद ग्रहण करते हैं और 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत की शुरुआत होती है।

### डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य

तीसरे दिन 27 अक्टूबर को सूर्यास्त से पूर्व प्रथम अर्घ्य व्रती नदी या तालाब के किनारे डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। बांस की टोकरी में ठेकुआ, फल और अन्य प्रसाद सजाकर दूध और जल अर्पित किया जाता है। चौथे दिन 28 अक्टूबर को सूर्योदय के साथ द्वितीय अर्घ्य अर्पित कर छठी मैया की पूजा संपन्न की जाएगी। सुबह सूर्योदय के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है और प्रसाद बांटा जाता है। यह आभार, नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। पूरा समुदाय घाटों को सजाता है और लिंग, जाति या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना शामिल होता है। छठ के गीत और परंपराएं इसे और जीवंत बनाते हैं।यह पर्व भक्ति, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है।

# सोन-तिपान संगम पर दक्षिण भारतीय राव परिवार ने किया नागल चौथ पूजा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर के पवित्र सोनदृतिपान संगम तट पर दक्षिण भारतीय राव परिवार द्वारा परंपरागत श्रद्धा और विधि-विधान से नागल चौथ पूजा का आयोजन किया गया। यह आध्यात्मिक पर्व स्त्रियों द्वारा अपने पति की दीर्घायु, संतान की सुरक्षा और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। प्रातःकाल राव परिवार की महिलाओं ने पवित्र जल में स्नान कर भगवान नागदेव और माता गौरी का पूजन-अर्चन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलन हुआ और दक्षिण भारतीय भक्ति गीतों से पूरा वातावरण धार्मिक उल्लास से भर उठा।



### श्रद्धा और एकता का प्रतीक आयोजन

नागल चौथ दक्षिण भारत में श्रद्धा से मनाया जाने वाला पर्व है। मान्यता है कि इस दिन नाग देवता की पूजा करने से राहुदृकेतु और कालसर्प दोष का निवारण होता है तथा परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। विवाहित महिलाएं इस दिन उपवास रखती हैं और दूध व मिठाई अर्पित कर नाग देवता की आराधना करती हैं। कुछ स्थानों पर नागों की प्रतीकात्मक मूर्तियाँ स्थापित की जाती हैं या चींटियों के टीलों पर दूध चढ़ाया जाता है, जहाँ नाग देवता का वास माना जाता है। यह आयोजन सोन तिपान संगम के एतिहासिक और धार्मिक महत्व को भी उजागर करता है, जहाँ पर राव दक्षिण भारतीय परिवारों ने सहभागिता की।पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा संगम तट पर सामूहिक दीपदान कर सभी ने क्षेत्र की शांति, समृद्धि और आपसी सद्भावना की प्रार्थना की।यह पर्व न केवल आस्था और अध्यात्म का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति, जीव-जगत और मानव के बीच संतुलन एवं एकता का संदेश भी देता है।

# शांति कुटी आश्रम में आरंभ हुई श्री नर्मदा महापुराण कथा

### भक्ति, संगीत और आस्था का अद्भुत संगम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नर्मदा उद्गम की पवित्र भूमि अमरकंटक में स्थित श्री शांति कुटी आश्रम का वातावरण इन दिनों अलौकिक आध्यात्मिक आभा से आलोकित है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से सप्तदिवसीय श्री नर्मदा महापुराण कथा का मंगलारंभ हुआ है, जो 29 अक्टूबर (अष्टमी तिथि) तक चलेगी। कथा का यह दिव्य आयोजन मीरा गोस्वामी, शरद गोस्वामी, प्राची वैभव मिश्रा एवं उमा वीरेंद्र मिश्रा द्वारा अपने भ्राता स्वर्गीय देवकीनंदन गोस्वामी की पावन स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है। इस कथा का संगीतमय, रसपूर्ण अमृतवर्षा सागर (म.प्र.) के मगरोन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक एवं गौसेवक पंडित बृजेश दुबे महाराज अपने मधुर कंठ से कर रहे हैं। कथा के प्रारंभ से पूर्व आश्रम से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई कृ गाजे-बाजों, शंखध्वनि और जयघोषों के साथ भक्तों की



टोलियाँ मां नर्मदा के उद्गम स्थल की ओर बढ़ीं। सुहावने भक्ति वातावरण में सजी महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में कलश धारण कर नाचती-गाती, भजनों की मधुर लहरियों में लीन रहीं। नर्मदा कुंड मंदिर पहुंचकर विधिपूर्वक कलश पूजन एवं नर्मदा पुराण की आराधना संपन्न हुई। तत्पश्चात शोभायात्रा पुनः आश्रम लौटी, जहाँ आरती और मंगलध्वनि के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। आश्रम प्रांगण में हर दिशा से भक्ति की सुगंध, दीपों की आभा और मां नर्मदा की कृपा झलक रही है। कथा श्रवण के समय भक्तजन भाव-विभोर होकर मां के चरणों में अपने हृदय अर्पित कर रहे हैं। यह सप्तदिवसीय श्री नर्मदा महापुराण कथा 29 अक्टूबर को पूर्णाहुति, हवन और महाभंडारे के साथ संपन्न होगी। गोस्वामी परिवार ने नगरवासियों, भक्तजनों और तीर्थयात्रियों से करबद्ध निवेदन किया है कि वे समय पर उपस्थित होकर इस संगीतमय आध्यात्मिक कथा अमृत का श्रवण करें और अपने जीवन को नर्मदा मय बना लें।

# अग्रवाल समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

### गूंजे गीत-संगीत और उत्सव के स्वर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अग्रवाल समाज अनूपपुर के तत्वावधान में इस वर्ष का दीपावली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन मेला ग्राउंड स्थित सोन नदी मंदिर प्रांगण में हुआ जहाँ समाज के सभी वर्गों के सदस्य कृ महिलाएं, पुरुष और बच्चे कृ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ जब समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में माता लक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना की गई। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम दिखाई दिया। पूजा उपरांत आरती और मंगल गीतों से वातावरण मंगलमय हो उठा। पूजन के बाद समाज के सभी सदस्यों के लिए स्नेहिल नाश्ते का आयोजन किया गया। समाज के युवाओं ने कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई।



इसके बाद दोपहर 2:00 बजे से सामूहिक भोजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हुए। स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ एक साथ बैठकर भोजन करने का दृश्य समाज की एकता और पारिवारिक भावना का प्रतीक बना। भोजन उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर आरंभ हुआ जिसमें समाज की महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने भजन समूह नृत्य और मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दीं जबकि बच्चों ने देशभक्ति गीतों और फिल्मी धुनों पर मनमोहक नृत्य कर सबका दिल जीत लिया। पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और उत्सव का माहौल चरम पर पहुंच गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल पप्पू भैया ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम और एकता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी समाजजनों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को एक सूत्र में जोड़ना और हर परिवार में अपनत्व की भावना को मजबूत करना है। अग्रवाल समाज सेवा संस्कार और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा। समाज के वरिष्ठजनों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली जैसे पर्व पर मिलन समारोह का आयोजन समाज की एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक है। इससे युवा पीढ़ी में सामाजिक मूल्यों के प्रति सम्मान और संगठन की भावना विकसित होती है।